ISSN: 2583-8849
साहित्य रत्न ई-पत्रिका अगस्त2023 वर्ष1 अंक4

'बोतल संग शराब की, निकला एक गिलास'

लगता है भयभीत क्यों , काँटों छुपा गुलाब ।
बाग़बान ही मौन तो , देगा कौन जवाब ।।-1

मुखर हुई जब लोमड़ी , पड़ी विपद में पाग ।
दिया उसे तब शेर ने , अंगूरों का बाग ।।-2

जल ने बोतल से किया , ऐसा ग़ज़ब करार ।
प्याऊ और छबील को , लील गया बाजार ।।-3

उसे व्यवस्था में मिले, पग-पग नमक हराम ।
इसीलिए हर काम के , पूछ रहा वह दाम ।।-4

आज कुल्हाड़ी भोर में, चढ़ी तनिक जब सान ।
तब से बूढ़े नीम की , है साँसत में जान ।।-5

यदा कदा तकनीक भी , देती पीर दुचंद ।
सर्वर डाउन है कभी , कभी नेट है बंद ।।-6

सुनता उसका बालमन , दिन में सौ-सौ बार ।
ओ छोटू उस मेज पर , जल्दी कपड़ा मार ।।-7

दिनकर अब आकाश से , आँखें रहा तरेर ।
बैठी छाया पेड़ की , अपने मुँह को फेर ।।-8

कहाँ रही अब गाँव में , गाँवों वाली बात ।
आन घुसे हैं शहर के , इसमें सब उत्पात ।।-9

सुविधाओं का देश में , ऐसा हुआ विकास ।
बोतल संग शराब की , निकला एक गिलास ।।-10

मंजिल मिलती है उसे , हो जिस दिल में चाह ।
बिना पाँव के लोग भी , मिले नापते राह ।।-11

कहते परोपकार ये , है सुख का आधार ।
दान -पुण्य से ही सदा , फलता है परिवार ।।-12

राजपाल सिंह गुलिया



माता : श्रीमती खीमा देवी
पिता : श्री धुपल सिंह
जन्म : 27दिसम्बर 1964
शिक्षा : स्नातक , शिक्षण में डिप्लोमा .
संप्रति : सेना शिक्षा कोर के शिक्षा अनुदेशक पद (19 साल) व हरियाणा शिक्षा विभाग में अध्यापक (17 वर्ष) पद से सेवा निवृत्ति के पश्चात अब स्वतंत्र लेखन ।
विधाएं : दोहा , कुण्डलिया , ग़ज़ल , नवगीत , बालगीत व मुक्तक ।

प्रकाशित कृति :
1. उठने लगे सवाल (दोहा संग्रह)
2. इतनी सी फ़रियाद (कुण्डलिया संग्रह)
3. निर्मल देश हमारा (बाल कविता संग्रह)
4. देगा कौन जवाब (दोहा संग्रह)

पुरस्कार :
1. शब्द गुंजन दोहा सम्मान 2018
2. निर्मला स्मृति हरियाणा गौरव सम्मान 2019
3. उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान
4. नवसृजन कला प्रवीण अवार्ड
5. निर्मला स्मृति हिन्दी साहित्य गौरव सम्मान 2021
6. अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' स्मृति सम्मान 2021
7. कादम्बरी , स्व० भगवती प्रसाद दुबे सम्मान 2022
8. डॉक्टर स्वर्ण किरण शिखर बाल साहित्य सम्मान -2023

पता : गाँव - जाहिदपुर , डाकखाना - ऊँटलौधा
तहसील व जिला - झज्जर (हरियाणा)
पिन - 124103
संपर्क सूत्र : 9416272973
अणुडाक : rajpalgulia1964@gmail.com